ई.एस.-332

# शिक्षा में स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2006

## ई.एस.-332 : विकास तथा अधिगम का मनोविज्ञान

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम भारिता : 70%*

***नोट :***

*(i) सभी **चारों** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii) सभी प्रश्नों की भारिता समान है ।*

---

**1.** निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए ।

अधिगम के व्यवहारवादी उपागम की व्याख्या कीजिए । इसके शैक्षिक निहितार्थों की विवेचना कीजिए ।

**अथवा**

अधिगमान्तरण की संकल्पना की व्याख्या कीजिए । अधिगमान्तरण के विभिन्न प्रकारों का विवेचन कीजिए और इसके शैक्षिक निहितार्थों को स्पष्ट कीजिए ।

2. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए ।

व्यक्तिगत भिन्नताओं के आनुवंशिक आधार की व्याख्या कीजिए । अध्येता के मानसिक विकास को प्रभावित करने में वंशानुक्रम की भूमिका का विवेचन कीजिए ।

**अथवा**

समाज के सुविधावंचित वर्ग के अध्येताओं/बालकों की विशिष्ट आवश्यकताओं का विवेचन करते हुए बताइए कि उन आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु आपकी क्या भूमिका होगी ।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक उत्तर लगभग 150 शब्दों में हो :

(i) भावात्मक क्षेत्र का क्या अभिप्राय है ? भावात्मक क्षेत्र में क्रियाशील मुख्य संगठनात्मक सिद्धान्तों की विवेचना कीजिए ।

(ii) सामाजिक परिपक्वता की आवश्यकता की विवेचना कीजिए ।

(iii) प्रतिभाशाली बच्चों की किन्हीं तीन विशिष्टताओं की विवेचना कीजिए ।

(iv) परिपक्वता तथा अधिगम के बीच सम्बन्ध की विवेचना करते हुए अपने उत्तर की पुष्टि के लिए उपयुक्त उदाहरण दीजिए ।

(v) अध्येताओं का मार्गदर्शन करने के लिए अनिवार्य किन्हीं तीन आधारभूत अवधारणाओं की व्याख्या कीजिए ।

(vi) द्वन्द्वों के विभिन्न कारण कौन-कौनसे हैं ? आप अपने विद्यार्थियों के द्वन्द्वों का निराकरण किस प्रकार करेंगे ?

(vii) सर्जनात्मक बच्चे के लक्षणों का वर्णन कीजिए ।

**4.** निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए ।

आप अपनी कक्षा में सामाजिक रूप के कुसमायोजित छात्रों का पता कैसे लगाएँगे ? आप उनके सामाजिक समायोजन को अच्छा बनाने में किस प्रकार सहायता करेंगे ? अपने उत्तर के समर्थन में उपयुक्त उदाहरण देकर समझाइए ।